**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**<u>अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029</u>**

फा.सं.20-06/2020-स्था.-I                                                दिनांक: 30 JUN 2021

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
01 JUL 2021
समय / Time...
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय: कोविड-19 महामारी के दौरान कार्यालय संचालन-अधिकारीगण/ <u>स्टाफ-सदस्यगण की उपस्थिति संबंधी निदेश।</u>**

उपर्युक्त विषयक दिनांक 27.04.2021 के समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन के अनुक्रम में, यह सूचित किया जाता है कि सभी प्रशासनिक स्टाफ-सदस्यगण दिनांक 01.07.2021 से नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित होंगे।

2. यह उल्लेख किया जाता है कि गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी एडवाइजरी के अनुसार सामाजिक दूरी के मानकों तथा मास्क तथा सेनेटाइजर के प्रयोग जैसी अन्य अनिवार्य अपेक्षाओं का सख्ती से पालन किया जाए। सभी अधिकारीगण एवं स्टाफ-सदस्यगण को परामर्श दिया जाता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोरीडोर में इकठ्ठे/ भीड़-भाड़ न हो। एम.टी.एस. तथा हाउसकीपिंग स्टाफ को इस बारे में विशेष रूप से अवगत कराया जाए।

3. सभी केन्द्रों के प्रमुख/विभागों के अध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/चिकित्सा अधीक्षक/अनुभागों से अनुरोध किया जाता है कि वे कृपया उपर्युक्त सूचना को अनुपालन हेतु अपने अधीन कार्य करने वाले सभी संकाय- सदस्यगण/अधिकारीगण/कर्मचारीगण की जानकारी में लाएं।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**(देव नाथ साह)**
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

**<u>प्रतिलिपि:</u>**

1. संकायाध्यक्ष (शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)
2. चिकित्सा अधीक्षक (मुख्य अस्पताल)
3. सभी केन्द्रों के प्रमुख/विभागों/एककों/अनुभागों के अध्यक्ष
4. उप-सचिव/अधीक्षण अभियंता/मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, एम्स, नई दिल्ली
5. वित्त सलाहकार/सभी वित्त तथा मुख्य लेखा अधिकारी एवं सभी लेखा अधिकारी-II और III/ अस्पताल/हृ.तं.कें./सं.रो.कैं.अ./डॉ.रा.प्र. केंद्र/जे.पी.एन.ए.ट्रॉमा केंद्र/दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र/सी.आर.एच.एस., बल्लभगढ़
6. सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी/सहायक प्रशासनिक अधिकारी/ अस्पताल/हृ.तं.कें./सं.रो.कैं.अ./डॉ.रा.प्र. केंद्र/जे.पी.एन.ए.ट्रॉमा केंद्र/दंत शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र/सी.आर.एच.एस., बल्लभगढ़
7. सभी यूनियन/एसोसिएशन, एम्स, नई दिल्ली
8. **कम्प्यूटर सुविधा**-कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

श्रीमती अंकिता सैनी